# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, बाली, जिला–पाली(राजस्थान)
## पीठासीन अधिकारी : श्री दिनेश विश्नोई, आर.ए.एस.

राजस्व विविध प्रकरण **GCMS NO 2024 / 292**
दायरा तिथि : 08.08.2024
आदेश तिथि : 20-10-2025

प्रार्थीगण :–

1. राजाराम पुत्र भबुताजी
2. सुजाराम ,रामलाल पुत्रगण चुनाराम
3. पानकी, मांगीलाल, सुजाराम, चैनाराम, पिसरान, नैनाराम
4. मनाराम, छत्राजी, चुन्नीलाल, पीसरान पेमाजी जातिगण सीरवी निवासीगण मिरगेश्वर तहसील बाली जिला पाली राजस्थान

ब ना म

अप्रार्थीगण :–

1. कैलाश कुमार पुत्र दानमल जी
2. गणेशमलपुत्र देवाराम
3. जयन्तीलाल पुत्र वनेचन्द
4. दानमल पुत्र छागाजी
5. दिनेशकुमार पुत्र दानमल
6. धनराज पुत्र दानमल
7. जयेशकुमार पुत्र हीरालाल
8. सुरेन्द्रकुमार पुत्र वनेचन्द
9. प्रकाशचंद पुत्र दानमल
10. भंवरलाल पुत्र देवाराम
11. रमेशकुमार पुत्र देवाराम
12. ललितकुमार पुत्र दानमलजी जातिगण पालीवाल ब्राहममण निवासीगण सेवाडी तहसील बाली जिला पाली (राजस्थान)

प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत धारा 251(ए) राजस्थान काश्तकारी अधिनियम, 1955 संशोधन अधिनियम, 2012 सपठित राजस्थान काश्तकारी (सरकारी) संशोधन नियम, 2012 बाबत रेकर्डेड नया रास्ता उपलब्ध कराने

### आदेश

दिनांक: 20-10-2025

प्रार्थीगण ने निर्धारित प्ररूप में आवेदन–पत्र अन्तर्गत धारा 251(ए) राजस्थान काश्तकारी अधिनियम, 1955 संशोधन सपठित राजस्थान काश्तकारी (सरकारी) संशोधन नियम, 2012 सपठित नियम–68 प्रस्तुत कर प्रार्थीगण की खातेदारी भूमि ग्राम सेवाडी पटवार हल्का सेवाडी तहसील बाली के खसरा नंबर 2657, 2657/1, 2657/3, 2657/4 रकबा क्रमशः 0.81 हैक्टर, 0.81 हैक्टर, 0.54 हैक्टर, [illegible] हैक्टर किस्म नहरी दोयम की भूमि में आवागमन के लिए कोई विकल्प/रास्ता उपलब्ध नही होने से अप्रार्थीगण की भूमि ग्राम सेवाडी पटवार हल्का सेवाडी तहसील बाली के खसरा नंबर 2655 रकबा 6.44 हैक्टर किस्म नहरी अव्वल में से प्रार्थना पत्र के संलग्न नजरी नक्शा मे दर्शित ट्रेक से नया मार्ग उपलब्ध कराये जाने का निवेदन किया गया। प्रस्तुत प्रार्थना–पत्र के साथ राजस्व अभिलेखो की प्रतियां भी प्रस्तुत की गई। प्रस्तुत प्रार्थना–पत्र के संबंध मे राजस्थान काश्तकारी अधिनियम, 1955 संशोधन अधिनियम, 2012 सपठित राजस्थान काश्तकारी (सरकारी) संशोधन नियम, 2012 के नियमो के नियम–69(i) के अन्तर्गत एवं इस संबंध मे राज्य सरकार राजस्थान राजस्व (ग्रुप–6) की अधिसूचना क्रमांक : F.3(2) Rev.6/ 03/ pt / 7 Jaipur Dated : 02.03.2012 द्वारा प्रदत्त निर्देशो के अनुसरण मे तहसीलदार बाली को मौका एवं अभिलेखीय स्थिति की जांच कर सम्पूर्ण स्थिति का प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये। तहसीलदार बाली ने जांच कर अपने कार्यालय पत्रांक राजस्व/2025/331 दिनांक 03.02.2025 से जांच रिपोर्ट प्रस्तुत की। तहसीलदार बाली की जांच रिपोर्ट अनुसार :–

1. यह हैं कि आवेदक खातेदार की धारित भूमि में आवागमन के लिए राजस्व रिकार्ड में कोई रास्ता उपलब्ध नहीं है। खातेदार उपोक्त वर्णित अपनी खातेदारी खसरा नंबर आवागमन हेतु वर्तमान में खसरा नंबर 2655 में मौके पर चल रहे रास्ते का ही उपयोग कर रहे हैं।
2. यह हैं कि प्रस्तावित रास्ता किसी सडक अथवा किसी कटान मार्ग से न्यूनतम दूरी का ही हैं।

न्यायालय उप-खण्ड अधिकारी बाली, जिला-पाली

सहायक कलक्टर एवं पदेन
उपखण्ड अधिकारी,बाली

पेज लगातार..........02

Scanned with OKEN Scanner

**राजस्व विविध प्रकरण संख्या : Gcms No 2024/292**
**अनवान राजाराम वगैरा बनाम कैलाश कुमार वगैरा**
***अंतर्गत धारा 251 ए राजस्थान काश्तकारी अधिनियम, 1955***

3. यह हैं कि ग्राम सेवाडी में रास्ते हेतु प्रस्तावित भूमि का खसरा विवरण निम्नानुसार है:–

| क्र. स. | खसरा नंबर | रकबा हैक्टर में | किस्म | रास्ते हेतु प्रस्तावित भूमि का क्षेत्रफल | नाम खातेदार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2655 | 6.44 हैक्टर | नहरी अव्वल | 136X5=680 वर्गमीटर | कैलाशकुमार पुत्र दानमल, भंवरलाल पुत्र देवाराम वगैरा जाति पालीवाल ब्राहम्ण सा. देह खातेदार (संलग्न जमाबन्दी अनुसार) |

4. यह हैं कि रास्ते के लिए प्रस्तावित भू0 भाग में मौजा सेवाडी के खसरा नंबर 2655 मेंसे 136X5=680 वर्गमीटर भूमि रास्ते के रूप में उपयोग में आयेगी।
5. यह हैं कि प्रस्तावित रास्ते हेतु उपयोग में आने वाले भू–भाग पर निर्माण कार्य, अन्य कोई क्षति नहीं हैं।( प्रस्तावित रास्ता मौके पर चल रहा है, जो वर्षो पुराना हैं।)
6. यह हैं कि भू0अ0 निरीक्षक सेवाडी के रिपोर्टनुसार प्रस्तावित भूमि की पंजीयन कार्यालय के अनुसार डी.एल.सी. दर 5,30,000/–रूपये प्रति हैक्टयर हैं।

प्रकरण मे तहसीलदार बाली द्वारा रिपोर्ट प्रेषित कर प्रार्थी को आवेदित रास्ता दिये जाने बाबत अनुशंषा की गई। प्रकरण में अप्रार्थीगण को नोटिस जारी किये जाने पर अप्रार्थीगण ने व्यक्तिशः उपस्थित होकर प्रार्थीगण को आवेदित मार्ग तथा तहसीलदार बाली द्वारा प्रस्तावित रिपोर्ट के अनुसार रास्ता दिये जाने बाबत् सहमति प्रकट कीं। तथा इसके साथ प्रार्थीगण व अप्रार्थीगण के मध्य पुर्व में रास्ते बाबत् हुये सहमति पत्र की प्रति भी पेश की।

प्रकरण में अप्रार्थीगण द्वारा रास्ता बाबत् लिखित सहमति प्रस्तुत करने से विद्वान् वकील प्रार्थीगण की बहस सुनी गई। उपलब्ध रेकर्ड के अध्ययन व वकुलाय की बहस पर मनन के पश्चात् अप्रार्थीगण अपनी खातेदारी भूमि से प्रार्थीगण को रास्ता देने के लिय सहमत होने से तहसीलदार बाली द्वारा जांच के पश्चात कार्यालय पत्रांक राजस्व /2025/331 दिनांक 03.02.2025 से प्रस्तुत रिपोर्ट के अनुसार प्रार्थीगण के खातेदारी भूमि ग्राम सेवाडी पटवार हल्का सेवाडी तहसील बाली के खसरा नंबर 2657, 2657/1, 2657/3, 2657/4 रकबा क्रमशः 0.81 हैक्टर, 0.81 हैक्टर, 0.54 हैक्टर, 0.44 हैक्टर किस्म नहरी दोयम की भूमि में आवागमन के लिए अप्रार्थीगण की भूमि ग्राम सेवाडी पटवार हल्का सेवाडी तहसील बाली के खसरा नंबर 2655 रकबा 6.44 हैक्टर किस्म नहरी अव्वल में से प्रार्थना पत्र के संलग्न नजरी नक्शा मे दर्शित ट्रेक से नया मार्ग उपलब्ध कराया जाना न्यायसंगत है।

अतः राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 संशोधन, 2012 सपठित राजस्थान काश्तकारी (सरकारी) संशोधन नियम, 2012 तथा इस संबंध मे राज्य सरकार राजस्थान राजस्व (ग्रुप–6) की अधिसूचना क्रमांक : F.3(2)Rev.6/ 03/ pt/ 7 Jaipur Dated : 02.03.2012 तथा राज्य सरकार राजस्व ग्रुप–6) के परिपत्र क्रमॉकःप.3(52) राज–6/12/4 जयपुर दिनांक 14.06.2013 के द्वारा प्रदत्त निर्देशो/शक्तियो के अनुसरण मे प्रार्थीगण की खातेदारी भूमि ग्राम सेवाडी पटवार हल्का सेवाडी तहसील बाली के खसरा नंबर 2657, 2657/1, 2657/3, 2657/4 रकबा क्रमशः 0.81 हैक्टर, 0.81 हैक्टर, 0.54 हैक्टर, 0.44 हैक्टर किस्म नहरी दोयम की भूमि में आवागमन के लिए अप्रार्थीगण की भूमि ग्राम सेवाडी पटवार हल्का सेवाडी तहसील बाली के खसरा नंबर 2655 रकबा 6.44 हैक्टर किस्म नहरी अव्वल में से 136X5=680 वर्गमीटर भूमि रास्ता हेतु नियमो के नियम 70 (i)(ख) के अन्तर्गत राज्य सरकार को देय प्रतिकर राशि का निर्धारण करते हुए **तहसीलदार बाली द्वारा प्रस्तुत नक्शा मौका के अनुरूप उपलब्ध कराये जाने के आदेश** दिये जाते है।

राजस्व रेकार्ड में इन्द्राज किये जाने से पूर्व तहसीलदार, बाली देय प्रतिकर राशि को जमा करावे। प्रतिकर राशि नियमानुसार निर्धारण की जाती है :–

| खसरा नंबर | रकबा हैक्टर में | रास्ते के लिये प्रभावित क्षैत्रफल | डी.एल.सी. दर (प्रति व. मी.) रूपये | देय प्रतिकर राशि की डी.एल.सी. दर 5,30,000/–रू प्रति हैक्टेयर से दुगुनी राशि | नाम खातेदार |
|---|---|---|---|---|---|
| 2655 | 6.44 हैक्टर | 136X5=680 वर्गमीटर | 53 | 36040×2= 72080 | कैलाशकुमार पुत्र दानमल, भंवरलाल पुत्र देवाराम वगैरा जाति पालीवाल ब्राहमण सा. देह खातेदार |

सहायक कलक्टर एवं
उपखण्ड अधिकारी, बाली

पेज लगातार..........03

Scanned with OKEN Scanner

**राजस्व विविध प्रकरण संख्या : Gcms No 2024/292**

अनवान राजाराम वगैरा बनाम कैलाश कुमार वगैरा

*अंतर्गत धारा 251 ए राजस्थान काश्तकारी अधिनियम, 1955*

**प्रस्तावित रास्ता में अन्य कोई क्षति यथा निर्माण/वृक्ष संरचना कारित नही होने से उक्तानुसार देय प्रतिकर राशि 72080/— रूपये (बहत्तर हजार अस्सी रूपये मात्र)** आवेदक द्वारा बतौर प्रतिकर राशि अप्रार्थीगण द्वारा नहीं लिये जाने की दशा में राशि तहसील कार्यालय में जमा करवाई जायेगी। तहसीलदार बाली द्वारा रिपोर्ट के साथ प्रेषित नक्शा को आदेश का भाग माना जायेगा।

तहसीलदार, बाली प्रतिकर राशि अदायगी की सुनिश्चितता कर उक्त प्रस्तावित भूमि राजस्व रेकार्ड में बतौर **राजकीय सिवाय चक गै.मु. रास्ता** दर्ज करेंगे।

तहसीलदार, बाली उपरोक्तानुसार पालना सुनिश्चितता कर राजस्व रेकार्ड मे अमल दरामद के साथ नक्शा मे तरमीम कर पालना प्रस्तुत करे। आदेश की प्रति सभी संबंधित को पालनार्थ भिजवायी जावे। मिसल फैसल शुमार होकर रिकार्ड से कम हो।

न्यायालय उप खण्ड अधिकारी बाली, जिला - पाली (राज.)

(दिनेश बिश्नोई)
आर.ए.एस.
सहायक कलक्टर एवं पदेन
उपखण्ड अधिकारी,
बाली

क्रमॉक/कोर्ट/2025/1410-1414

दिनांक : 20-10-25

**प्रतिलिपि निम्नांकित को पालनार्थः—**

1. तहसीलदार, बाली निजी खातेदार को देय प्रतिकर राशि अमानत मद तथा राज्य सरकार को देय प्रतिकर राशि संबंधित मद में जमा की सुनिश्चितता करें।
2. निरीक्षक भू0अ0 सेवाडी
3. पटवारी हल्का, सेवाडी
4. तहसील राजस्व लेखाकार तहसील बाली
5. आवेदक श्री राजाराज पुत्र भबूताजी जाति सीरवी निवासी मिरगेश्वर तहसील बाली को सूचनार्थ।

उपखण्ड अधिकारी बाली
सहायक कलक्टर एवं पदेन
उपखण्ड अधिकारी,बाली

Scanned with OKEN Scanner

राजस्थान सरकार

NIC-BHUNAKSHA

खसरा नक्शा एंव जमाबंदी(प्रतिलिपि)

दिनांक : 26/12/2024 09:50:46 AM


जिला : पाली

तहसील : बाली

भू. अ. नि. क्षेत्र : सेवाडी

हल्का : सेवाडी

ग्राम : सेवाडी




खसरा संख्या :2655 क्षेत्रफल : 6.4400 Hectare खाता संख्या : 188पुराना खाता संख्या :175

भूमि किस्म[क्षेत्रफल लगान ]: नहरी अव्वल [ 6.4400, 135.24 ]

1.) कैलाशकुमार पुत्र दानमल हिस्सा- 1/16 जाति- पालीवाल सा. देह खातेदार

10.) भंवरलाल पुत्र देवाराम हिस्सा- 1/6 जाति- पालीवाल सा. देह खातेदार हिस्सा-1/6 ( पूर्ण खाता ) बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा फालना

11.) रमेशकुमार पुत्र देवाराम हिस्सा- 1/6 जाति- पालीवाल सा. देह खातेदार हिस्सा-1/6 ( पूर्ण खाता ) यूनियन बैंक ऑफ इंडिया शाखा बाली

12.) ललितकुमार पुत्र दानमल हिस्सा- 1/16 जाति- पालीवाल सा. देह खातेदार

2.) गणेशमल पुत्र देवाराम हिस्सा- 1/6 जाति- पालीवाल सा. देह खातेदार हिस्सा-1/6 ( पूर्ण खाता ) स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एंड जयपुर शाखा फालना

3.) जयन्तिलाल पुत्र वनेचन्द हिस्सा- 1/32 जाति- पालीवाल सा. देह खातेदार हिस्सा-1/32 ( पूर्ण खाता ) स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एंड जयपुर शाखा फालना

4.) दानमल पुत्र छोगा हिस्सा- 1/16 जाति- पालीवाल सा. देह खातेदार हिस्सा-1/16 ( पूर्ण खाता ) स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एंड जयपुर शाखा फालना

5.) दिनेशकुमार पुत्र दानमल हिस्सा- 1/16 जाति- पालीवाल सा. देह खातेदार हिस्सा-1/16 ( पूर्ण खाता ) यूनियन बैंक ऑफ इंडिया शाखा BALI

6.) धनराज पुत्र दानमल हिस्सा- 1/16 जाति- पालीवाल सा. देह खातेदार

7.) नाबा. जयेशकुमार पुत्र हीरालाल हिस्सा- 1/16 जाति- पालीवाल सा. देह खातेदार हिस्सा-1/16 ( पूर्ण खाता ) स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एंड जयपुर शाखा फालना

8.) नाबा. सुरेन्द्रकुमार पुत्र वनेचन्द हिस्सा- 1/32 जाति- पालीवाल सा. देह खातेदार हिस्सा-1/32 ( पूर्ण खाता ) स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एंड जयपुर शाखा फालना

9.) प्रकाशचन्द्र पुत्र दानमल हिस्सा- 1/16 जाति- पालीवाल सा. देह खातेदार हिस्सा-1/16 ( पूर्ण खाता ) स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एंड जयपुर शाखा फालना

ILR-सेवाडी

सक्षम अधिकारी के हस्ताक्षर एंव सील

तहसीलदार, बाली

Scanned with OKEN Scanner